भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1731**
उत्तर देने की तारीख 10 मार्च, 2025
सोमवार, 19 फाल्गुन 1946 (शक)

**37 लाख ग्रीन जॉब का सृजन**

1731. श्रीमती अनीता शुभदर्शिनी: श्री देवुसिंह चौहान: श्री महेश कश्यप:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की वर्ष 2030 तक देश में 37 लाख ग्रीन जॉब के सृजन के लक्ष्य को प्राप्त करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) लक्षित किए जा रहे हरित क्षेत्रों के प्रकारों और इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 4.0 अपने प्रशिक्षण मॉड्यूलों को वहनीय पद्धतियों और हरित प्रौद्योगिकियों की बढ़ती मांग के अनुरूप बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख) कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) ने ऐसा कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है।

(ग) और (घ) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 ने उभरती हुई प्रौद्योगिकी और उद्योग 4.0 से संबंधित पाठ्यक्रम अर्थात एआई, रोबोटिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन, पर्यावरण स्थिरता, मेक्ट्रोनिक्स, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन प्रौद्योगिकी, आदि शुरू करने पर ध्यान केंद्रित किया है। अब तक, राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) ने हरित क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 540 भावी जॉब रोलों को स्वीकृति दी है। वर्तमान में, एनसीवीईटी द्वारा स्वीकृत 57 जॉब रोल हैं, जो सतत पद्धतियों और ग्रीन टेक पर आधारित हैं।

*****